No. of Printed Pages : 4

एम.एच.डी.-2

हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम.ए. हिन्दी)

00354

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2016

एम.एच.डी.-2 : आधुनिक हिन्दी काव्य

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : *प्रथम प्रश्न अनिवार्य है । शेष प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए ।*

---

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : *3×12=36*

(क) खुले पलक, फैली सुवर्ण छवि,
खिली सुरभि, डोले मधु बाल;
स्पंदन कंपन औ' नव जीवन
सीखा जग ने अपनाना;

प्रथम रश्मि का आना, रंगिणि !
तूने कैसे पहचाना ?
कहाँ, कहाँ हे बाल विहंगिनि !
पाया यह स्वर्गिक गाना ?

(ख) अगर मैं तुम को ललाती साँझ के नभ की अकेली तारिका
अब नहीं कहता,
या शरद के भोर की नीहार-न्हायी कुँई,
टटकी कली चम्पे की, वग़ैरह, तो
नहीं कारण कि मेरा हृदय उथला या सूना है
या कि मेरा प्यार मैला है ।

बल्कि केवल यही : ये उपमान मैले हो गए हैं ।
देवता इन प्रतीकों के कर गये हैं कूच ।

(ग) प्रश्न थे गम्भीर, शायद ख़तरनाक भी,
इसीलिए बाहर के गुंजान
जंगलों से आती हुई हवा ने
फूँक मार एकाएक मशाल ही बुझा दी ...
कि मुझको यों अँधेरे में पकड़कर
मौत की सज़ा दी !

(घ) मगध में शोर है कि मगध में शासक नहीं रहे
जो थे
वे मदिरा, प्रमाद और आलस्य के कारण
इस लायक
नहीं रहे
कि उन्हें हम
मगध का शासक कह सकें
लगभग यही शोर है
अवन्ती में
यही कोसल में
यही
विदर्भ में
कि शासक नहीं
रहे

(ङ) एक आदमी
रोटी बेलता है
एक आदमी रोटी खाता है
एक तीसरा आदमी भी है
जो न रोटी बेलता है, न रोटी खाता है
वह सिर्फ रोटी से खेलता है
मैं पूछता हूँ –
'यह तीसरा आदमी कौन है ?
मेरे देश की संसद मौन है ।'

2. भारतेंदु हरिश्चंद्र की काव्य-भाषा और शिल्प पर विचार कीजिए । *16*

3. मैथिलीशरण गुप्त के काव्य में राष्ट्रीय आंदोलन को किस प्रकार अभिव्यक्ति मिली है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । *16*

4. महादेवी वर्मा की कविताओं की प्रतीक-योजना पर एक निबंध लिखिए । *16*

5. सुमित्रानंदन पंत की काव्य-यात्रा पर प्रकाश डालिए । *16*

6. मुक्तिबोध के काव्य-शिल्प की विवेचना कीजिए । *16*

7. अज्ञेय के काव्य-वैशिष्ट्य पर विचार कीजिए । *16*

8. शमशेर की काव्य-संवेदना के विविध पक्षों का उद्घाटन कीजिए । *16*

9. रघुवीर सहाय की कविताओं की मुख्य विशेषताएँ बताइए । *16*